राधा जी बोली श्याम से

राधा जी बोली श्याम से याद मुरली की आने लगी,
सुनादे कान्हा बाँसुरिया....

अब के बरस में ओ कान्हा सावन में तू आ जाना,
झूठा झूलेंगे दोनों साथ में याद मुरली की आने लगी,
सुनादे कान्हा बाँसुरिया.....

अब के बरस में ओ कान्हा वृन्दावन में आ जाना,
रास रचाए दोनों साथ में याद मुरली की आने लगी,
सुनादे कान्हा बाँसुरिया.....

अब के बरस में ओ कान्हा कार्तिक में तू आ जाना,
दीप जलाए दोनों साथ में याद मुरली की आने लगी,
सुनादे कान्हा बाँसुरिया.....

अब के बरस में ओ कान्हा मधुबन में तू आ जाना,
गउए चराए दोनों साथ में याद मुरली की आने लगी,
सुनादे कान्हा बाँसुरिया.....

अब के बरस में ओ कान्हा मैं तेरी हो जाउंगी,
जीवन बिताए दोनों साथ में याद मुरली की आने लगी,
सुनादे कान्हा बाँसुरिया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30942/title/radha-ji-boli-shyam-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |